
ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# दुकान में फंदे पर लटका मिला व्यापारी का शव

## पैसों के लेन-देन से जुड़े तनाव में आत्महत्या का मामला

संवाददाता, नवाबगंज


मृतक बुद्धसेन

**अमृत विचारः** कस्बे में एक इंजन पार्ट्स व्यापारी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। व्यापारी का शव उसकी ही दुकान के अंदर फंदे पर लटका मिला। प्रारंभिक तौर पर मामला पैसों के लेनदेन से जुड़े तनाव से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

गंगवार कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय बुद्धसेन बिजली घर के पास इंजन पार्ट्स की दुकान चलाते थे। बताया जा रहा है कि उनका सुडियावा गांव के एक व्यक्ति से काफी समय से रुपयों को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार को इस मामले में थाने में तहरीर भी दी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने उनके बेटे अखिलेश को पूछताछ के लिए बुलाया था। परिजनों के मुताबिक, इस घटनाक्रम के बाद से ही बुद्धसेन काफी परेशान और तनावग्रस्त नजर आ रहे थे। देर शाम उन्होंने रोज की तरह दुकान बंद की, लेकिन रात तक घर नहीं लौटे। इससे चिंतित परिजन उन्हें तलाशते हुए दुकान तक पहुंचे।

दुकान का शटर बंद था और बाहर उनकी बाइक खड़ी मिली। अनहोनी की आशंका पर शटर खोला गया तो अंदर का दृश्य देखकर परिजन स्तब्ध रह गए। बुद्धसेन का शव कुंडे से लटके फंदे पर झूल रहा था। मौके पर चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते आसपास के लोग भी जुट गए।

आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नीचे उतारकर एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी नन्ही देवी, बेटी रुचि और बेटे दिनेश, अखिलेश व नरेंद्र कुमार हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं बेटे दिनेश चंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# सीएचसी पर एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ


क्योलड़िया में ब्लॉक प्रमुख की मौजूदगी में किशोरी का टीकाकरण करती एएनएम।


शेरगढ़ में किशोरी के टीका लगाती एएनएम। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल (गर्भाशय/ग्रीवा) कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ बुधवार को शेरगढ़, भमौरा, बिथरीचैनपुर और क्योलड़िया बहेड़ी सीएचसी पर किया गया। प्रभारी चिकित्साप्रभारियों ने बताया कि तीन माह तक यह अभियान सभी सीएचसी पर ओपीडी के समय छह दिन तक चलेगा। इसके बाद यह प्रत्येक बुधवार और शनिवार को टीकाकरण होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम उम्र की बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं, टीका खाली पेट नहीं लगाया जाएगा। यह निशुल्क लगाया जा रहा है। लाभार्थी को आधार कार्ड और अपना या पिता का मोबाइल नंबर लाना जरुरी है।

**बिथरी चैनपुर**, में अभियान का शुभारंभ शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरेन्द्र पटेल ने किया। सीएचसी प्रभारी डॉ उत्तरा शर्मा ने बताया कि ओ.पी.डी. समय पर टीकाकरण होगा। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र कुमार, धीरेंद्र सिंह, शिवानी, संगीता, शिवम सिंह आदि रहे।

**बहेड़ी** में नगर पालिका चेयरमैन रश्मि जायसवाल ने अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डॉ. विवेक कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, महिपाल गंगवार, दिनेश शाह प्रियंका, पुनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

**क्योलड़िया** में सीएचसी भदपुरा क्योलड़िया में इसका उद्घाटन भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने फीता काटकर किया। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि निजी अस्पतालों में यह टीका महंगा होने के कारण सरकार इसे निशुल्क लगवा रही है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० मुगीश ने बताया कि टीकाकरण के लिए लाभार्थी को आधार कार्ड और अपना या पिता का मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। इस अवसर पर, प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार, एएनएम पिंकी शर्मा रहीं। **शेरगढ़,** में अभियान का उद्घाटन नगर पंचायत की सभासद ममता कुमारी ने किया। सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ गजेंद्र सिंह व टीकाकरण एएनएम किरन सिंह ने किया।

**भमोरा**, में अभियान का उद्घाटन भाजपा नेता वेदप्रकाश यादव ने किया। सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विवेक कुमार ने टीका लगवाने की अपील की।

# टीईटी मुद्दे पर शिक्षक संघ की बात माननी ही पड़ेगी


विद्यालय में बैठक करते शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** टीईटी के खिलाफ दिल्ली में 4 अप्रैल को होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ ने समीक्षा बैठक कर सभी शिक्षकों से दिल्ली कूच करने की अपील की। इसके अलावा ब्लॉक की नई टीम का भी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सुनील शुक्ला को तहसील अध्यक्ष एवं कामरान खान को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। बैठक में मांडलिक मंत्री मुकेश चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा सभी शिक्षकों को टीईटी पास करने का जो प्रस्ताव लाया गया है उसके खिलाफ सभी शिक्षकों से 4 अप्रैल को दिल्ली पहुंचने की अपील की। जिला अध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा ने कहा कि सरकार को टीईटी के मुद्दे पर शिक्षकों की बात माननी पड़ेगी। इस दौरान ब्लॉक एवं तहसील की नई कार्यकारिणी का भी चुनाव कराया गया।

# मीट की दुकान बंद रखने कीमांग

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** गुरुवार से प्रारंभ हो रहे नवरात्र के पावन पर्व के चलते थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को हिंदू संगठन के नेताओं ने एक ज्ञापन दिया जिसमें नवरात्र पर्व के चलते क्षेत्र में मास, अंडा, मीट, मछली की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध रखने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से विकास ठाकुर, पवन राज मिश्रा, डीआर यशपाल सिंह, आदि लोग प्रमुख थे।

मीरगंज, थाना शाही क्षेत्र में विश्व हिन्दू महासंघ के सदस्यों ने बुधवार दोपहर को थानाध्यक्ष राजेश कुमार बैसला को ज्ञापन सौंपकर नवरात्र में मांस और मछली की दुकानें बंद करने की मांग की। कहा पर्व पर दुकाने खुलने से व्रत भंग होता है। इस दौरान बिपुल शर्मा, सुमित गुर्जर जगत पाल शामिल थे।

# रेगु इवेंट : बालिका वर्ग में बहेड़ी विजेता


विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि नगर आयुक्त। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय सेपकटाकरा प्रतियोगिता बालक और बालिका का बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। इसमें जिले की छह तहसीलों के करीब 70 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। रेगु इवेंट में बालिका वर्ग में बहेड़ी टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। फरीदपुर दूसरे और बरेली तीसरे स्थान पर रहा। बालक वर्ग में आंवला टीम विजेता रही। बरेली उपविजेता और मीरगंज तीसरे स्थान पर रहा।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :- बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली। 9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## न्यूज डायरी

### भव्य कलश यात्रा में महिलाओं ने की सहभागिता



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** कड़ी फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : श्री हरि विष्णु घट-घट वासी के सानिध्य में कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान चौकी प्रभारी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक राजवीर शर्मा एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमकार श्रीवास्तव ने बताया कि रबर फैक्ट्री कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में तीन दिवसीय सत्संग, प्रवचन एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया है। बुधवार को राधा-कृष्ण मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, लोधी नगर, भिटौरा और स्टेशन मार्ग से होते हुए पुन: मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। गुरुवार को सत्संग एवं प्रवचन होगा जिसके बाद महायज्ञ और विशाल भंडारा होगा। कार्यक्रम में कमलेश गंगवार, अनीता गंगवार, सुनील दत्त मिश्र, शेष कुमार, ऐवरन सिंह, अमित गंगवार, कल्पना राजपूत, राकेश राजपूत, आशीष धनगर, वीरेंद्र शर्मा, अंकित शर्मा, सुनील चंद्रा दौलत राम गुप्ता, प्रहलाद कुमार अग्रवाल, डॉ. मुदित प्रताप सिंह, अखिलेश अग्रवाल, राज कपूर गुप्ता, अमित सिंह, गोविंद गुप्ता, अमित गोयल, श्यामसुंदर गुप्ता एवं दीपक गोयल आदि रहे।



### भदपुरा महाविद्यालय में रिसर्च जर्नल का विमोचन

**भदपुरा, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय भदपुरा में राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय का संपादित रिसर्च जर्नल रिसर्च न्यू इंडिया शोध अभिनव भारत का विमोचन प्राचार्य डॉ. रुद्रमन सिंह ने किया। पत्रिका का प्रकाशन महाविद्यालय के स्टाफ के सहयोग से किया जाएगा। बताया कि प्रथम अंक में करीब 15 शोध पत्र प्रकाशित किए गए हैं। जर्नल में डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. प्रगति सक्सेना, प्राचार्य डॉ. रुद्रमन सिंह का सहयोग रहा। प्राचार्य ने इसे शोध संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम बताया।



### नगरिया कलां में गायत्री यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दीं आहुतियां

**शेरगढ़, अमृत विचार :** नगरिया कलां गांव स्थित शिव मंदिर पर बुधवार को विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार की ओर से प्रेमपाल गंगवार ने विधि विधान से गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम में गांव नगरिया कला के ग्रामीणों ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। मंदिर में कार्यक्रम के बाद ज्योति कलश यात्रा बहेड़ी को रवाना हुई। कार्यक्रम में भूपराम श्रीवास्तव, उदयराज गंगवार, चौधरी जसबंत सिंह, डॉ कल्याण राय श्रीवास्तव, भुवन चंद्र राठौर, विजयलक्ष्मी राठौर, राजपाल गंगवार, दर्शन देवी, हरीश कुमार गंगवार, उषा श्रीवास्तव, सुमित कुमार, महिमा, नत्थूलाल कश्यप, सोमवती, महेंद्र पाल गंगवार, डॉ अंगन लाल, किशन लाल, शिवाय श्रीवास्तव, राकेश सिंह, राजीव जौहरी, पूरन लाल मौर्य, डिल्लीधर गंगवार, संदेश श्रीवास्तव, आदि समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### राखी निर्माण, मेहंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया



**आंवला, अमृत विचार :** स सरस्वती विद्या मंदिर आंवला में संपन्न हुई राखी निर्माण, मेंहदी व खेल प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्यअतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक जय गोविद सिंह ने यह पुरस्कार दिये। राखी निर्माण, मेहंदी प्रतियोगिता एवं खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर गौरी, रागनी, अस्मिता पाल, आराधना, तनिष्का, अक्षिता, रीमा चौहान, मानवी माहेश्वरी, मानवी शर्मा, राधिका, साक्षी, उमा द्वितीय स्थान पर नंदिनी सिंह, परी शर्मा, रितिमा, प्राची मैथिल, नंदिनी सिंह शताक्षी, साक्षी, आदया मौर्य, राधिका चौहान, दर्पण, अनुष्का, राशि एवं तृतीय स्थान पर खुशबू चंद्रा, राखी कश्यप, काव्या, वैष्णवी, पूजा, सेजल, राखी वर्मा, नव्या शर्मा, तृप्ति रितिमा पाठक, नंदिनी, नंदिनी शर्मा काव्या, परी शर्मा, वैष्णवी गुप्ता व नेहा को गोल्ड, सिल्वर, कांस्य मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आंवला कुंवर बहादुर सिंह, योगेश माहेश्वरी, रामदीन सागर, शोखी अग्रवाल, रजिया सुल्तान, प्रहलाद अग्रवाल एवं विद्यालय प्रधानाचार्य गवेन्द्र सिंह चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधांशु गुप्ता ने किया।

# कुंडरा कोठी मस्जिद में हुई कुरान खानी फातिहा

**देवरनियां, अमृत विचार:** बहादुरगंज स्थित जामा मस्जिद व कुंडरा कोठी स्थित नूरी मस्जिद मे कुरान खानी व फातिया के कार्यक्रम का आयोजन किया गया

इस दौरान मस्जिदों में रमजान की 27 वीं लैलातुल कद्र अपनी बरकतों रहमतों और फाजिल तो के एतबार बेहद अहम और मुबारक रात मनाई गई। इस पाक और मुकद्दस मौके पर जामा मस्जिद बहादुरगंज नूरी मस्जिद कुंडरा कोठी कुरान खानी फातिहा का आयोजन किया गया। यहां हाफिज सकलानी कादरी, हाफिज यासीन रजा, हाफिज अमन रजा, हाफिज मोहम्मद समीर रजा, यूनुस अंसारी, रियाज, शकील रहमान, अरशद खान, रिजवान खान, तौहीद सलमानी, तौसीम सलमानी, मतलुव आदि उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचा व बाइक के साथ गिरफ्तार

**अलीगंज अमृत विचार :** थाना अलीगंज पुलिस ने मंगलवार को वाहनों की चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा जिंदा कारतूस और चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया। यह बाइक देवचरा से चुराई गई थी।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामभरोसे निवासी ग्राम कमालपुर थाना अलीगंज उम्र करीब 25 वर्ष के रूप में हुई है पूछताछ में उसने बताया कि वह गलत संगत में पड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगा था। बरामद मोटरसाइकिल उसने करीब दो महीने पहले बैंक के सामने ग्राम देवचरा से चोरी की थी।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मेरा नाम सरकारी रिकॉर्ड में भूल बस (Amrit singh) दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम अमृत सिंह (Amrat singh) मैं ग्राम गिल्टैया पोस्ट म्याऊं थाना उसावां जिला बदायूं यूपी का मूल निवासी हूं।

आवश्यकता है
लोहे के सामान एंगिल, पाइप, पत्ती, चादर की बिक्री हेतु अनुभवी अथवा फ्रेशर मुनीम की सैलरी दस से बीस हजार
सम्पर्क करें प्रातः 9 से सायं 7
श्री वर्धमान स्टील
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेमनगर, बरेली

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका अनुक्रमांक 0701048 वास्तव में कहीं खो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। राजीव कुमार पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम नगरा पोस्ट खुटार तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर

सूचना
मेरी हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष अनुक्रमांक 1016558 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र व इण्टरमीडिएट मुख्य परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0772050 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूल प्रतिलिपियां वास्तव में खो गयी है और मेरी यह घोषणा सत्य है। वर्षा देवी पुत्री नन्हें लाल निवासी ग्राम कुरैया खुर्द कलां पोस्ट महुआ गुन्दे थाना सेहरामऊ उत्तरी तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत

सूचना
मैंने अपने पुत्र इरफान व उसकी पत्नी रिजवाना के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से तंग आकर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह दोनों अपने लेन-देन कृत्यों आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवारजन का कोई वास्ता नहीं होगा। पप्पू अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी बंजरिया जागीर थाना शेरगढ़ जिला बरेली।

आवश्यकता है
अध्यापक/अध्यापिकाओं की
छत्रपति शिवाजी कन्या उ.मा.विद्यालय
क्योलड़िया, नवाबगंज बरेली
में विज्ञान वर्ग, अंग्रेजी, गणित, कम्प्यूटर पढ़ाने हेतु
साक्षात्कार दिनांक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय में पहुंचे
(प्रबंधक) छोटेलाल गंगवार
मो. 9412289998

आवश्यकता है
अध्यापक/अध्यापिकाओं की
डॉ. श्यामाचरण छोटेलाल गंगवार इ. कालेज
नवाबगंज बरेली
में विज्ञान वर्ग, अंग्रेजी, गणित पढ़ाने हेतु
साक्षात्कार दिनांक 24.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय में पहुंचे
(प्रबंधक) छोटेलाल गंगवार
मो. 9412289998

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### घर से किशोरी लापता

नवाबगंज, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, परिजनों ने एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के गांव के निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री 10 मार्च को दोपहर घर से अचानक लापता हो गई। दोस्तों व परिचितों से जानकारी मिली कि ग्राम मुंडिया भीकमपुर थाना हाफिजगंज निवासी शिवम दीक्षित ही किशोरी को अपने साथ ले गया है।

### अज्ञात का मिला शव

बिथरी चैनपुर, अमृत विचार : बरेली शाहजहांपुर हाईवे पर कब्रिस्तान के पास रोड किनारे एक अज्ञात 60 वर्षीय अधेड़ का नग्न अवस्था में शव मिलने से सनसनी फेल गयी। पुलिस ने छानबीन की लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के लिए आसपास के लोगों से जानकारी की लेकिन पता नहीं चल पाया है।

### शिविर में विद्यार्थियों को मिला प्रशिक्षण

आंवला, अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, आंवला में आयोजित रोवर्स/रेंजर्स त्रिदिवसीय शिविर का समापन गुरुवार को प्राचार्य की अध्यक्षता में हुआ। शिविरार्थियों ने ज्ञान और अनुभव पर विचार साझा किए।इस दौरान आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, गांठ बांधने, टेंट निर्माण विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया।

# पालिका में चार महीने से सन्नाटा बोर्ड बैठक और विकास कार्य नहीं

## आरोप- कार्यालय में अध्यक्ष और अफसर आते ही नहीं, जनता परेशान

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार:** करीब 1.55 लाख आबादी वाले फरीदपुर कस्बे में नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बोर्ड की बैठक समय से न होने और जनप्रतिनिधियों के बीच खींचतान के कारण विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। जलभराव, जर्जर सड़कें, बंद नाले और खराब पथ प्रकाश व्यवस्था से परेशान जनता को राहत देने वाला कोई नजर नहीं आ रहा।



बक्सरिया में विकट वाली गली में जलभराव से जनता परेशान। ● अमृत विचार




अक्टूबर 2025 में हुई आखिरी बोर्ड बैठक के बाद अब तक अगली बैठक नहीं बुलाई गई है। इस दौरान पारित प्रस्ताव भी फाइलों में दबे रह गए। हालात यह हैं कि पालिका अध्यक्ष शराफत जरी वाला की बीमारी के चलते उनका कार्यालय आना-जाना बंद है, जिससे प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। हाल ही में बोर्ड बैठक की सूचना पर सपा सांसद नीरज मौर्य पालिका पहुंचे, लेकिन वहां न तो अधिशासी अधिकारी मौजूद मिले और न ही कोई कर्मचारी। अध्यक्ष भी नदारद रहे, जिससे बैठक की स्थिति ही स्पष्ट नहीं हो सकी। इस घटना ने पालिका की कार्यशैली पर और सवाल खड़े कर दिए हैं।

सभासदों का आरोप है कि कई बार प्रस्ताव दिए गए, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वार्ड 11 के सभासद रंजीत सिंह चौहान ने कहा कि अध्यक्ष की मनमानी के चलते विकास पूरी तरह रुका हुआ है। वहीं वार्ड 3 के सभासद देवेंद्र सिंह 'टोनी' ने बताया कि नियम के अनुसार हर माह बैठक अनिवार्य है, लेकिन महीनों से बैठक न होने से शहर का विकास ठहर गया है।सभासदों ने जिलाधिकारी से मिलकर भ्रष्टाचार की शिकायत और जल्द बैठक बुलाने की मांग भी की, लेकिन एक महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी कोई पहल नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसडीएम भी शायद ही पालिका कार्यालय आते हों, जिससे जनता अपनी समस्याएं रखने के लिए भटक रही है।वहीं विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह ने आश्वासन दिया है कि अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष से बातचीत कर इसी माह बोर्ड बैठक कराई जाएगी और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर किया जाएगा।

आंवला सांसद नीरज मौर्य ने पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां कुछ लोगों का दबदबा है, जिससे अध्यक्ष भी स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रहे हैं।

# एकजुटता से ही प्रभावी समाधान संभव

संवाददाता, नवाबगंज।

**अमृत विचार:** व्यापारियों के लिए मौजूदा समय चुनौतीपूर्ण है। बढ़ते आनलाइन कारोबार की चुनौतियों से जूझते हुए अपना कारोबार चलाना आसान नही है। समस्याओं से जूझते व्यापारियों की तमाम दिक्कतों को दूर कर दिया गया है। कस्बे से लेकर प्रदेश स्तर के व्यापारियों का कारोबार सुचारू चले इसके लिए संगठन प्रयासरत है। व्यापारी एकजुट हों क्योंकि एकजुटता से ही समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष कुमुद मिश्र ने स्वागत समारोह में यह बात कही।



उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष कुमुद मिश्र का स्वागत करते व्यापारी।

नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष से कर प्रणाली से जुड़ी दिक्कतें, सुरक्षा व्यवस्था, अतिक्रमण, लाइसेंस और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समस्या रखी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सभी समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाकर जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। समारोह में व्यापारियों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे संगठित रहकर अपनी आवाज को मजबूत बनाएं, क्योंकि एकजुटता से ही समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है।

राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि संगठन की मजबूती ही व्यापारियों की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जितेन्द्र रस्तोगी, महामंत्री संदीप अग्रवाल मिंटू,प्रदेश संगठन मंत्री अंजनी गुप्ता, विपिन गुप्ता, अनुज शुक्ला, विनोद गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता लल्लू,केशव गुप्ता, नत्थूलाल गुप्ता आदि रहे।

### फरीदपुर में राम दरबार भेंट किया

फरीदपुर : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान व्यापारी कल्याण आयोग के सदस्य व्यापारी नेता राजेन्द्र गुप्ता भी साथ रहे। व्यापारी नेता सचिन अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर स्वागत समारोह में सचिन ने राम दरबार भेंट किया। अशोक अग्रवाल को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनुज पांडे डब्लू भारद्वाज,अनुज शुक्ला, महावीर जायसवाल विक्रांत सिंघल, गोविंद सिंह,ब्रह्माशंकर गुप्ता अम्बर पाण्डेय आलोक शर्मा घनश्याम जायसवाल बीएन अग्रवाल राजेश गुप्ता विनोद राठौर आदि मौजूद रहे।

### पहली शादी छिपाकर कराया निकाह देवर पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

नवाबगंज, अमृत विचार : थाना क्षेत्र की एक महिला ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़िता का कहना है कि उसके साथ छलपूर्वक शादी कराई गई और बाद में देवर ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला के अनुसार, उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। आरोप है कि पीलीभीत और शाहजहांपुर के कुछ लोगों ने साजिश कर उसके भाई से पति की पहली शादी की बात छुपाते हुए करीब चार वर्ष पूर्व उसका निकाह करा दिया। शादी के बाद उसे पता चला कि उसका पति पहले से शादीशुदा है और दूसरी पत्नी के साथ अलग रह रहा है, जिसके चलते वह उसकी अनदेखी करता रहा।

### जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित

भमोरा, अमृत विचार : सुजलाम शक्ति दिवस के अवसर पर ग्राम भोजपुर में जल महोत्सव अभियान के तहत जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता वेद प्रकाश यादव ने किया। विधायक ने वर्षा जल संचयन पर जोर दिया, वहीं वेद प्रकाश यादव ने पानी के सदुपयोग की अपील की। इस दौरान पांच महिलाओं को 'जल सखी' के रूप में नियुक्त किया गया तथा पंप ऑपरेटर प्रेम शंकर व जल सखी शांति देवी, संतोष देवी, चंपा देवी, रजनी देवी और ममता मौर्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक्सईन कुमकुम गंगवार, जेई विपिन कुमार, ग्राम प्रधान राजेश्वरी देवी आदि मौजूद रहे।

### गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



कैंट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव चौबारी में सोमवार 16 मार्च रात को हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने फरार वांछित मुख्य आरोपी को मंगलवार देर रात अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस के गिरफ्तार कर लिया बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में आरोपी विवेक उर्फ जट्टा का भाई कमल भी वांछित है। जो फरार चल रहा है। बताया जा रहा है कि कमल,भारतीय सेना में तैनात है। पुलिस उसकी भी तलाश में जुटी है। बता दें, कि थाना क्षेत्र के गांव चौबारी के ग्राम प्रधान पप्पू सिंह की हत्या करने के उद्देश्य से होली मिलन के बहाने बदमाश उनके घर पहुंचे थे। मामले में ग्राम प्रधान पप्पू सिंह ने घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है।

### इंस्टाग्राम पर लगाई सीएम की आपत्तिजनक फोटो, रिपोर्ट दर्ज

भुता, अमृत विचार : पटवरागंज गांव निवासी महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो को एडिट करके उसे अभद्रता के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी। शांति भंग की आशंका में पुलिस ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम पटवरा गंज निवासी महिला सुजाता ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से मुख्यमंत्री की फोटो एडिट करके उसे आपत्तिजनक बनाकर पोस्ट कर दी। इससे समर्थकों में आक्रोश फैल गया। भुता पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए महिला के घर से फोन बरामद कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कार्यकारिणी के सदस्यों को दी बधाई

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : भाजपा की नई कार्यकारिणी में नानकराम सागर को जिला उपाध्यक्ष एवं राजू उपाध्याय को महामंत्री तथा पवन राज मिश्रा एवं शोभना अग्रवाल को जिला कार्य समिति सदस्य बनाए जाने पर आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया एवं मिठाइयां बांटी। तथा नवनियुक्त पदाधिकारीयों को बधाई दी ।

### बैठक में बूथ मजबूत करने पर जोर

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे के मोहल्ला बहोर नगला रोड पर अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, बैठक में पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि जिन बूथों पर संगठन कमजोर है, वहां विशेष मेहनत कर पार्टी को मजबूत करना होगा। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मेहनत करने का आह्वान किया । बैठक का संचालन डॉ. पोशाकी लाल गंगवार ने किया।

### महिलाओं को बांटी सिलाई मशीनें

नवाबगंज, अमृत विचार : इंटेलेक्चुअल सोशल वेलफेयर एसोसिएशन (इसवा) की ओर से जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। बुधवार को बिजौरिया रोड स्थित एक पालीक्लीनिक पर हुए कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीनें बांटी गईं। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ पीलीभीत डॉ. फिरासत हुसैन अंसारी, प्रोफेसर राशिद अंसारी, डॉ. रिज़वान, डॉ. परवेज़ और मोहम्मद आरिफ शामिल हुए।



